दिनांक 4 मई 2022 स्वच्छ व सुंदर भिलाई

कोसानाला चैनेलाइजेशन कार्य का निगमायुक्त प्रकाश सर्वे ने अलसुबह लिया जायजा, युद्ध स्तर पर कार्य करने के दिए निर्देश

भिलाई। कोसानाला में चैनेलाईजेशन कार्य का जायजा अलसुबह निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने लिया। मार्निंग विजिट में आयुक्त श्री सर्वे प्रियदर्शनी परिसर आश्रय स्थल के पास पहुंचे, तो वहां पर पुल के समीप चैनेलाईजेशन का कार्य जारी था। एकतरफ लगभग 200 मीटर तक कार्य पूरा हो चुका है। आयुक्त सर्वे ने स्पॉट पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य युद्धस्तर पर हो और बारिश के पूर्व काम समाप्त कर लिया जाए। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बारिश के दिनों में जल प्रवाह निरंतरा के साथ बना रहे और कोसानाला के बस्तियों में बारिश का पानी नाला के ओवरफ्लो होने के कारण घरों में न घुसे। लगभग 5 किमी तक कोसानाला के चैनेलाईजेशन का कार्य होना है। सूर्या मॉल के पास पुलिया के दोनों ओर अधिकतम कार्य हो चुका है। बहुत से प्रथम चरण के कार्य्य पूर्ण हो चुके हैं। सूर्या रेसीडेंसी के समीपस्थ रहवासियों को जो कि नाला से लगी निचली बस्तियों में रहते हैं, उन्हें इसका लाभ मिलेगा और बारिश के दिनों में नाला का पानी घरों में नहीं घुसेगा। बारिश के कारण किसी प्रकार की आपदा से भी राहत मिलेगा। सूर्या मॉल के पीछे एवं प्रियदर्शिनी परिसर टोल प्लाजा से प्रियदर्शिनी परिसर पुल का काम लगभग पूरा हो चुका है। अधोसंरचना मद से 17 करोड़ की लागत से नाला का विकास किया जा रहा है। छ.ग. में 15 जून से मानसून आने की संभावना होती है। इसे देखते हुए महापौर और आयुक्त ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने मौजूद थे।